# सीकर रोड पर ड्रेनेज प्लान में नाले की जगह बॉक्स डालने की तैयारी!

## सूत्रों की मानें तो नाला कास्टिंग में लागत ज्यादा है, और सीमेंट बॉक्स की लागत कम और काम आसान है, इसलिए ठेकेदार फर्म व इंजीनियर्स ने गुपचुप बदलाव कर दिया



- **सूत्रों की मानें तो सीकर रोड के ड्रेनेज प्लान में जहां जगह कम है वहां कलवर्टर बाक्स डलने हैं और जहां जगह मिल रही है वहां कास्टिंग करके नाला निर्माण किया जाना है। नाले निर्माण के साथ रिटेनिंग वॉल बननी है और पत्थरों की चिनाई करनी है।**
- **अंबाबाडी सब्जी मंडी के पीछे लंबी-चौड़ी जमीन खाली है जहां पानी अंबाबाडी के नाले में खाली होगा और द्रव्यवती नदी में जायेगा। नाले के इस ''एग्जिट पाइंट'' पर मजबूत चिनाई के साथ पत्थरों की दीवार बननी थी, लेकिन यहां बाक्स डाले गए हैं।**

**जयपुर** (कासं)। जयपुर विकास प्राधिकरण के कामों की शुरूआत क्या हुई, ठेकेदारों और इंजीनियर्स की मौज हो गई। जे.डी.ए. के इंजीनियर्स अब जनता की समस्याओं पर ध्यान देने के बजाय ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने में जुट गए है कि, किस तरह से कम लागत पर काम कराया जा सकता है। ताजा मामला सीकर रोड के ड्रेनेज प्लान का सामने आया है, जहां नाला डालने के बजाय सीमेंट बॉक्स (कलवर्टर बॉक्स) बिछाने की तैयारी चल है।

सूत्रों की मानें तो सीकर रोड ड्रेनेज प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य पूरा होने से भवानी निकेतन, ढेहर के बालाजी, अल्का सिनेमा, वीकेआई 1 नंबर, मुरलीपुरा और विद्याधर नगर क्षेत्र से गुजरने वाले लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। जेडीए ने इस प्रोजेक्ट के लिए 36.62 करोड़ रुपए के कार्यादेश जारी कर दिए हैं। सीकर रोड ड्रेनेज प्रोजेक्ट के पहले चरण में 16.09 करोड़ की लागत से सीकर रोड के पूर्वी तरफ और 20.53 करोड़ की लागत से सड़क की पश्चिमी दिशा में नाले का निर्माण किया जाएगा। दूसरे चरण में वीकेआई से सेन्ट्रल स्पाईन होते हुए बड़ा खेड़ा और मुरलीपुरा में 19.21 करोड़ की लागत से नालों का निर्माण करवाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के तीसरे चरण में 13.29 करोड़ की लागत से बायपास रोड और खेतान अस्पताल के पीछे नाले का निर्माण करवाया जाएगा।

सूत्रों की मानें तो सीकर रोड के ड्रेनेज प्लान में जहां जगह कम है वहां कलवर्टर बाक्स डलने हैं और जहां जगह मिल रही है वहां कास्टिंग कर नाले का निर्माण किया जाना है। नाले का निर्माण करने में रिटेनिंग वाल बननी है। इसके साथ ही पत्थरों की चिनाई की जाती है। अंबाबाडी सब्जी मंडी के पीछे लंबी-चौड़ी जमीन खाली है जहां पानी अंबाबाडी के नाले में खाली होगा और वहां से द्रव्यवती नदी में चला जाएगा।

अब इस काम को करने वाले ठेकेदार लालचंद तिवारी ने अंबाबाडी की खाली जमीन में भी सीमेंट बाक्स डाल दिए हैं। यहां पर नाला खत्म होता है। नाले के इस ''एग्जिट पाइंट'' पर मजबूत चिनाई के साथ पत्थरों की दीवार बनाई जानी चाहिए थी, लेकिन यहां भी बाक्स ही डाल दिए गए हैं।

सूत्रों की मानें तो सीकर रोड पर बी.आर.टी.एस. की सड़क बनने के दौरान जे.डी.ए. के इंजीनियर्स ने नाले की जगह बॉक्स डाले थे। यहां से सीवरेज का गंदा पानी आर्मी एरिया के पास अमानीशाह नाले में डाल दिया था। इन कलवर्टर बॉक्स की सफाई नहीं हुई और धीरे धीरे करके इन बॉक्स में कचरा जमा हो गया। सीमेंट बॉक्स कचरे से भर जाने के कारण सीकर रोड और विद्याधर नगर में पानी भरने लगा। अब जेडीए के इंजीनियर्स यही गलती पुनः दोहरा रहे हैं। ड्रेनेज प्लान में ठेकेदार लालचंद तिवारी ने जी-शिड्यूल में नाला कास्टिंग तो ले लिया लेकिन नाला की जगह बाक्स डालकर इतिश्री कर ली।

इस बीच स्थानीय निवासियों ने जे.डी.ए. इंजीनियर्स की इस खामी का विरोध करने का फैसला किया है। स्थानीय निवासी तरूण भारती, भाजपा नेता श्रेयांस अग्रवाल ने बताया कि इस तरह की गड़बड़ी चलने नहीं दी जाएगी।

ठेकेदार और इंजीनियर्स के इस गठजोड़ से भ्रष्टाचार तो हो ही रहा है, साथ में ड्रेनेज प्लान में बड़ी खामी छोड़ी जा रही है। अगर कास्टिंग करके नाला निर्माण किया जाता है तो सफाई अच्छी तरह से हो सकती है। साथ ही एग्जिट पाइंट पर पानी का बहाव भी आसानी से जल्द होगा।

## पेट्रोल का 359 लीटर अवैध भंडारण पकड़ा

**जयपुर**। कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर रसद विभाग ने जयपुर में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। जिला रसद अधिकारी, जयपुर द्वितीय त्रिलोक चन्द मीना ने बताया कि विभाग के प्रवर्तन दस्ते ने जिले के दो स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से स्टॉक किया गया 359 लीटर पेट्रोल बरामद किया है। सांगानेर के छीतरोली में एच.पी.सी.एल. डिपो के पीछे विभाग के प्रवर्तन दल ने कार्रवाई करते हुए एक बाड़े से 202 लीटर पेट्रोल बरामद किया। वहीं प्रवर्तन दल ने दूसरी कार्यवाई को अंजाम देते हुए एचपीसीएल डिपो रोड छीतरोली में एक बाड़े से अवैध भंडारित किये गए 157 लीटर पेट्रोल जब्त कर पुलिस थाना बगरू को सुपुर्द किया है। कार्रवाई के दौरान जिला रसद अधिकारी त्रिलोक चन्द मीना के साथ प्रवर्तन अधिकारी महेश मीणा एवं प्रवर्तन निरीक्षक मुकेश खींची उपस्थित रहे। जिला रसद अधिकारी द्वारा आरोपियों के खिलाफ थाना बगरू में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गई है।

## डेल्फ़िक क्लब का उद्घाटन आज

**जयपुर**। डेल्फ़िक क्लब भारतीय विद्या भवन विद्याश्रम जयपुर द्वारा राजस्थान डेल्फ़िक काउंसिल के तत्वावधान में डेल्फ़िक क्लब का उद्घाटन समारोह और नृत्य कार्यशाला का आयोजन 1 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे से महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम, भारतीय विद्या भवन विद्याश्रम, जयपुर में होगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रेया गुहा, अध्यक्ष, डेल्फ़िक काउंसिल ऑफ़ राजस्थान और विशिष्ट अतिथि डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी, जिला कलेक्टर, जयपुर होंगे।

## गांधी वाटिका को सेलिब्रेट करने का निर्णय

**जयपुर**। पब्लिक अगेंस्ट करप्शन संस्था ने 1 अक्टूबर 2024 को सुबह 7 से 8 तक गांधी दर्शन वाटिका को सेलिब्रेट करने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम में संजय त्यागी एडवोकेट और पूनम चन्द भंडारी एडवोकेट भी उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम गांधी दर्शन वाटिका सेंट्रल पार्क गेट नंबर 5 पर होगा।

संयोजक डॉ. टी एन शर्मा एडवोकेट और सह-संयोजक कमलेश सक्सैना एडवोकेट ने बताया कि सेंट्रल पार्क सी-स्कीम जयपुर में एक लक्ष्मी विलास होटल था और वह अवैध तरीके से करीब 15 हजार गज जमीन पर कब्जा करके बनाया गया था तथा एक अन्य व्यक्ति ने करीब 5000 गज जमीन पर कब्जा कर मकान बनाकर रह रहा था। जिसके लिए एडवोकेट संजय त्यागी ने जनहित याचिका लगाई, कई वर्षों तक पूनम चन्द भंडारी एडवोकेट ने उस याचिका पर पैरवी की। सुप्रीम कोर्ट तक एडवोकेट भंडारी ने पैरवी करते हुए की, जिस पर अदालत ने लक्ष्मी विलास होटल पर जुर्माना भी लगाया और इस पूरे होटल और अन्य जगहों से कब्जा हटाकर जेडीए ने कब्जा प्राप्त किया। सेंट्रल पार्क की इस जमीन पर आम जनता के लिए गांधी वाटिका बनाई गई है, जिसे 2 अक्टूबर को सरकार आम जनता के लिए खोलेगी।

## एस.एम.एस. अस्पताल में हुआ लीवर ट्रांसप्लांट

- **37 वर्षीय मरीज को मिला जीवनदान**

जयपुर। सवाई मानसिंह अस्पताल में चिकित्सकों ने 37 वर्षीय एक मरीज का लीवर ट्रांसप्लांट कर उसे नया जीवनदान दिया है। 15 दिन पहले जयपुर के एसएमएस अस्पताल में ब्रेन डेड हुई महिला के परिजनों की सहमति के बाद मरीज को लीवर ट्रांसप्लांट करने का निर्णय एचपीबी सर्जरी विभाग के डॉक्टर्स की टीम ने लिया। मरीज का इलाज मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत किया गया। देर रात करीब एक बजे लीवर ट्रांसप्लांट के निर्णय के बाद सुबह 5 बजे से ही लीवर ट्रांसप्लांट शुरू हुआ।

मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. दीपक माहेश्वरी, सुपरिंटेंडेंट डॉ. सुशील भाटी, डॉ मनीष अग्रवाल के निर्देशन में एचपीबी सर्जरी विभाग के विभागध्यक्ष डॉ. दिनेश भारती की टीम ने सफल सर्जरी को अंजाम दिया। टीम में एचपीबी विभाग के डॉ. आशुतोष पंचोली, एनेस्थेसिया विभाग से डॉ. पूनम कालरा, डॉ. त्रिशा जैन, डॉ. ममता शर्मा, सी टी वी एस डिपार्टमेंट के विभागध्यक्ष डॉ. संजीव देवगढ़ा, सर्जरी विभाग से डॉ. प्रभा ओम, डॉ. शुभम् और ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर डॉ. लीलम सिंह, इंटरवेंशन रेडियोलोजी, आईसीयू तथा ओटी स्टाफ का सहयोग रहा। एचपीबी सर्जरी विभाग के विभागध्यक्ष डॉ. दिनेश भारती ने बताया कि मरीज पूर्णरूप से स्वस्थ है। मरीज और उसके परिजनों ने लीवर डोनेट करने वाली महिला और परिवार के साथ एसएमएस अस्पताल के डॉक्टर्स की टीम के प्रति आभार प्रकट किया है। अब एसएमएस अस्पताल में लीवर ट्रांसप्लांट नियमित रूप से होने लगे हैं। राज्य के लोगों को इसके लिए दिल्ली या मुंबई नहीं जाना पड़ता है।

## जयपुर में दौड़ेंगी 300 सीएनजी बसें

**जयपुर**। जेसीटीएसएल में 300 सीएनजी की बसें शामिल होगी। जेसीटीएसएल अध्यक्ष राजेश यादव की अध्यक्षता में सोमवार को हुई बोर्ड बैठक में यह फैसला हुआ। जेसीटीएसएल में वर्तमान में 200 बसें संचालित हो रही है। इन बसों की कमी के चलते यात्रियों को सुविधा नहीं मिल पा रही। पिछले दिनों 100 बसें कंडम भी हो गई थी। जिन्हें ऑफ रूट कर बंद कर दिया था।

## तालकटोरे में मिला महिला का शव

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। माणक चौक थाना इलाके में स्थित तालकटोरे में सोमवार को एक महिला का शव पड़ा मिला। पानी की सतह पर महिला का शव देख वहां घूमने आए लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सिविल डिफेंस की टीम की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला और सवाई मानसिंह अस्पताल के मुर्दाघर भिजवाया। पुलिस ने घटना स्थल पर आसपास के लोगों से पूछताछ की। लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई।

पुलिस ने बताया कि सोमवार दोपहर 1 बजे के आसपास तालकटोरा में पानी की सतह पर एक महिला का शव पड़ा होने की सूचना मिली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सिविल डिफेंस की टीम की मदद से शव को पानी से बाहर निकाल कर आसपास के लोगों से पूछताछ की। लेकिन पुलिस के हाथ कोई सफलता नहीं लगी।

मृतका की उम्र करीब 45 से 50 साल बताई जा रही है। दो -तीन पुराना शव होने के कारण पानी में फूल गया और पानी से बाहर आ गया। पुलिस ने शव को सवाई मानसिंह अस्पताल के मुर्दाघर में रखवा कर मृतका के परिजनों की तलाश शुरु कर दी है।

## हनीट्रैप में फंसाकर 10 लाख रु. ऐंठने वाले पिता-पुत्र गिरफ्तार

- **सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी की शिकायत पर शिप्रापथ पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा**
- **इस मामले में फरार युवती समेत तीन अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस**

**जयपुर**। सार्वजनिक निर्माण विभाग (पी.डब्ल्यू.डी.) के एक बड़े अधिकारी को हनीट्रैप में फंसाकर 10 लाख रुपए की वसूली करने के मामले में शिप्रापथ थाना पुलिस ने पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक युवती समेत तीन अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, आरोपी वर्ष 2018 से अब तक पीड़ित अधिकारी से 10 लाख रुपए वसूल चुके थे। अब और रुपयों की मांग कर रहे थे। पीड़ित ने पुलिस अधिकारियों के पास पहुंच कर कहा कि ''बचा लो... इतना परेशान हो गया हूं कि आत्महत्या कर लूं।''

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिकारियों ने 17 सितंबर को शिप्रापथ थाने में मामला दर्ज किया। डीसीपी (साउथ) दिगंत आनंद ने बताया कि 13 दिनों में जांच पूरी कर करौली के दीपपुरा निवासी मस्तराम मीना उर्फ भूरा और उसके पिता शेर सिंह मीना को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में शेर सिंह की बेटी नरेन्द्र कुमारी उर्फ नरसो, धर्मराज मीना और एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

थानाधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि पीड़ित अधिकारी की वर्ष 2011 में करौली में शेर सिंह मीना के परिवार से जान-पहचान हुई थी। वर्ष 2018 में शेर सिंह की बेटी नरेन्द्र कुमारी ने पीड़ित को फोन कर जगतपुरा बुलाया। वहां पहुंचने पर आरोपी शेर सिंह, मस्तराम और धर्मराज ने पीड़ित को जबरन नरेन्द्र कुमारी के साथ एक कमरे में बंद कर उनकी फोटो खींच ली।

इसके बाद उन्हें बदनाम करने और बलात्कार के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर 2 लाख रुपए वसूल लिए। इसके बाद, वर्ष 2021 में फिर से धमकी देकर 3 लाख रुपए और वसूल लिए। इस तरह लगातार धमकियां देकर कुल 10 लाख रुपए वसूलने के बाद भी आरोपी बलात्कार के झूठे मामले में फंसाने की धमकी दे रहे थे।

## 'मिशन वात्सल्य' से बच्चों की सुरक्षा-कल्याण सुनिश्चित होगा




**मिशन वात्सल्य योजना को लेकर आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला को जोधपुर की सरदार पटेल पुलिस सुरक्षा व दाण्डिक न्याय विवि. के कुलपति डॉ. आलोक त्रिपाठी ने संबोधित किया।**

**जयपुर**। बाल संरक्षण केंद्र, सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा एवं दांडिक न्याय विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा मिशन वात्सल्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन विषय पर राज्य और जिला स्तर के हितधारकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का शुभारंभ सोमवार को केंद्रीय जासूसी प्रशिक्षण संस्थान जयपुर में हुआ। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रमुख हितधारकों के बीच समन्वय और जवाबदेही को बढ़ाना है ताकि मिशन वात्सल्य योजना का समग्र कार्यान्वयन सुनिश्चित हो सके। मिशन वात्सल्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन विषय पर राज्य और जिला स्तर के हितधारकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन जोधपुर के सरदार पटेल पुलिस सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आलोक त्रिपाठी ने किया। अपने उद्बोधन में डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि मिशन वात्सल्य एक अत्यंत महत्वपूर्ण सरकारी पहल है, जिसका उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा, कल्याण और सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। डॉ. त्रिपाठी ने यह भी कहा कि इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बहु-हितधारकों के बीच समन्वय और जिम्मेदारी का बोध होना अत्यंत आवश्यक है।

इसके साथ ही, उन्होंने बच्चों की सुरक्षा और विकास के लिए एक मजबूत और संवेदनशील तंत्र स्थापित करने पर जोर दिया, जिसमें सभी संबंधित विभागों और एजेंसियों की सक्रिय भागीदारी हो। कार्यशाला के गेस्ट ऑफ़ ऑनर डायरेक्टर सीडीटीआई डॉ अमनदीप सिंह कपूर आईपीएस ने अपने उद्बोधन में क्षमता निर्माण और कन्वर्जेंस पर विशेष जोर दिया।

कार्यशाला के दौरान, राज्य और जिला स्तर के बाल कल्याण समितियों, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## सरकारी हॉस्पिटल में ओ.पी.डी. का समय सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। सर्दी के सीजन की शुरुआत होने से पहले हेल्थ डिपार्टमेंट ने सभी सरकारी हॉस्पिटल की ओपीडी टाइमिंग में बदलाव किया है। इस बदलाव के तहत मंगलवार 1 अक्टूबर से हॉस्पिटल में ओपीडी सुबह 9 बजे से शुरू होगी और दोपहर 3 बजे तक संचालित होगी।

जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज, आरयूएचएस से अटैच हॉस्पिटल समेत तमाम पीएचसी, सीएचसी, उप जिला हॉस्पिटल में आज से ओपीडी के समय में बदलाव के आदेश जारी किए हैं। जेके लोन हॉस्पिटल जयपुर के अधीक्षक डॉक्टर कैलाश मीना ने बताया कि ओपीडी का समय मंगलवार से सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक रहेगा।

उन्होंने बताया कि मौसमी बीमारियों को देखते हुए 8 घंटे की अलग से ओपीडी संचालित की है, इसका असर अब रूटीन ओपीडी पर भी देखने को मिल रहा है। रूटीन में आने वाले मरीजों का ट्रिटमेंट समय पर हो रहा है।

डॉ. मीना ने बताया कि डेंगू-मलेरिया-चिकनगुनिया जैसी मौसमी बीमारियों के लिए जो विशेष ओपीडी संचालित की है, उसे राजकीय अवकाश वाले दिन 4 घंटे संचालित करने का निर्णय किया है। जबकि रूटीन ओपीडी राजकीय अवकाश के दिन 2 घंटे ही चलेगी।

## जोन उपायुक्त ने प्रसंज्ञान लेकर आवास योजना की लॉटरी रोकी

- **रियासत बिल्डर ग्रुप की आवास योजनाओं में आवेदकों द्वारा एक ही मोबाइल नंबर से कई फार्म भरने की शिकायत पर कार्रवाई**
- **बताया जा रहा हैं कि, ग्रुप की अलग-अलग टाउनशिप में ई.डब्ल्यू.एस. और एल.आई.जी. श्रेणी में 13 हजार आवेदन आए थे, जो कि निर्धारित प्लॉट्स की संख्या के कई गुना ज्यादा है।**

**जयपुर**। जयपुर विकास प्राधिकरण के जोन-14 के उपायुक्त दीपक सिंह खटाणा ने प्रसंज्ञान लेकर रियासत बिल्डर ग्रुप आवास योजना की लॉटरी पर रोक लगाई है। सूत्रों की मानें तो इस ग्रुप की अलग-अलग टाउनशिप में ईडब्लूएस व एलआईजी केटेगिरी में 13 हजार आवेदन आ गए, जो निर्धारित प्लॉट्स की संख्या के कई गुना ज्यादा है। बड़ी संख्या में आवेदन आने की शिकायतें जब जेडीए पहुंची तो उपायुक्त ने इन पर प्रसंज्ञान लेते हुए लॉटरी प्रक्रिया पर रोक लगा दी। अब जेडीए खुद इन आवेदनों की छंटाई करेगा।

सूत्रों की माने तो रियासत इन्फ्रा की जयपुर में कई टाउनशिप है। इनमें सभी में गरीबों और निर्धन वर्ग के आवास ईडब्लूएस व एलआईजी की केटेगिरी रखनी पड़ती है। अलग अलग योजनाओं में ईडब्लूएस व एलआईजी के लिए करीब 350 से अधिक प्लाट आरक्षित किए हुए थे। जेडीए से अनुमति लेकर इन योजनाओं में यह आवेदन अगस्त में भरे गए थे। सितंबर इन योजनाओं की लॉटरी निकलनी थी। इन योजनाओं में भारी तादाद में आवेदन आए। आवेदनों की संख्या भी करीब 13 हजार थी।

जेडीए को शिकायत मिली थी कि इन योजनाओं में एक ही फोन से कई आवेदन भरे गए हैं। इनमें रियल स्टेट एजेंट भी शामिल है। गरीबों का हक वास्तविक लोगों तक पहुंचे इसके लिए जेडीए ने लॉटरी पर रोक लगा दी। अब जेडीए इन आवेदकों की जांच करा रहा है। इसके लिए रियासत ग्रुप से कहा गया है कि सभी योजनाओं के आवेदन जांच कर जेडीए के पास भिजवा दें।

सूत्रों की मानें तो राज्य सरकार की ''सबके लिए आवास'' उपलब्ध कराने की मंशा के अनुसार राजस्थान अफोर्डेबल पालिसी 2010 जारी हुई थी। इस योजना में 10 हैक्टेयर या इससे अधिक क्षेत्रफल होने पर कुल योजना का पांच प्रतिशत अथवा कुल निर्मित यूनिट का 15 प्रतिशत जो भी अधिक हो, ईडब्लूएस-एलआईजी के लिए आरक्षित किया जाना है।

इसके लिए आवेदन सबसे बाद में जेडीए से अनुमति लेकर मांगे जाते हैं। पहले तो सफल आवेदकों की लॉटरी निकालने का काम जेडीए के स्तर पर किया जाता था। मांग पत्र निकालने के बाद सफल आवेदक को रकम जमा करानी पड़ती थी। उसके बाद निजी खातेदार से एनओसी लेकर सफल आवेदक को भूखंड आवंटित कर दिया जाता था। इनकी रेट भी आरक्षित दर की 50 से 80 फीसदी होती है। आरक्षित दर भी बिल्डर के भूखंड की दरों से लगभग चार गुना कम होती है।

सूत्रों की मानें तो निजी खातेदारी की आवास योजनाओं में ईडब्लूएस, एलआईजी के आवेदन सभी के साथ नहीं मांगे जाते। पहले बिल्डर अपने भूखंड बेच लेता है और टाउनशिप को विकसित भी कर लेता है तब तक 3 साल निकल जाते है और स्कीम में जमीनों की कीमत बढ़ जाती है।

उसके बाद जेडीए ईडब्लूएस, एलआईजी के आवेदन मांगता है तो सस्ता भूखंड लेने के चक्कर में आवेदकों की बाढ़ आ जाती है। रियल स्टेट एजेंट भी इसका लाभ उठाने से नहीं चूकते। वो भी भारी तादाद में आवेदन कर देते है जिससे वास्तविक गरीब व निर्धन वर्ग का हक मारा जाता है। बाद में ये एजेंट ही इन योजनाओं में आए भूखंडों को बाजार भाव से बेच देते हैं। बिल्डर खुद ही लॉटरी निकालता है जिसमें कई बार धांधली के भी आरोप लगे हैं।

## सार-समाचार

### हृदय रोग चिकित्सा पर सेमीनार



**कूकस स्थित जयपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित इंजीनियर रवि भटनागर मेमोरियल लेक्चर में डॉक्टर अश्विनी कुमार शर्मा को महर्षि सुश्रुत पुरस्कार से सम्मानित किया गया।**

**जयपुर**। कूकस स्थित जयपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में अभ्येति फाउंडेशन के सहयोग से सोमवार को इंजीनियर रवि भटनागर मेमोरियल लेक्चर का आयोजन किया गया। इस लेक्चर के मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि फॉर्टिस हॉस्पिटल जयपुर के डॉक्टर अश्विनी कुमार शर्मा थे, जिन्होंने हृदय रोग चिकित्सा एवं लाइफ सेविंग स्किल पर अपना व्याख्यान दिया। अपने व्याख्यान में डॉ. शर्मा ने हृदय रोग एवं रक्त वाहिकाओं से संबंधित रोगों पर प्रकाश डाला और समझाया कि यह रोग किस प्रकार होते हैं, किस कारण से होते हैं तथा इनका निवारण या इनसे बचाव किस प्रकार किया जा सकता है। डॉ. शर्मा ने यह भी समझाया कि धूम्रपान खराब आहार या व्यायाम की कमी जैसी आदतों के कारण इन बीमारियों का खतरा और अधिक बढ़ जाता है। डॉ शर्मा ने दिल के दौरे के जोखिम से बचने के उपाय भी बताए। व्याख्यान के अंत में डॉ अश्वनी शर्मा ने विद्यार्थियों और शिक्षकों से प्रश्न उत्तर भी किए। कार्यक्रम के अंत में अभ्येती फाउंडेशन की ओर से डॉक्टर अश्विनी शर्मा को महर्षि सुश्रुत पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया। अंत में कॉलेज निदेशिका डॉक्टर सुनीता रावत ने अभ्येती फाउंडेशन की संस्थापिका सीमा भटनागर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जे.ई.सी ग्रुप ऑफ कॉलेज के निदेशक ललित सरावगी और अर्चना सरावगी उपस्थित रहे।

### मॉब लिंचिंग की अफवाह पर 3 गिरफ्तार

**जयपुर**। ब्रह्मपुरी थाना इलाके में मामूली झगडे को मॉब लिंचिंग की घटना बता कर सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर फैलाने के मामले में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि मामले में शामिल कमल महावर,रोहन और अभय उर्फ धूम को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा शेष आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। अब तक की पूछताछ से सामने आया कि पीड़ित मोहम्मद समीर अपनी पावर बाईक पल्सर लेकर सम्राट गेट की तरफ जा रहा था। उसी दौरान आरोपीगण सरफुद्दीन मंसुरी, तनिष्क, कमल महावर पैदल तथा आरोपी रोहन वाल्मीकि, अभय उर्फ धूम वाल्मीकि व एक अन्य उनके साथ धीरे धीरे स्कूटी पर सम्राट गेट से बाहर की और साथ साथ जा रहे थे। इसी दौरान सम्राट गेट के पास परिवादी की पावर बाइक आरोपी के एकदम नजदीक से कट मारकर निकालने की बात को लेकर दोनो पक्षों में आपस में कहासुनी होने लग गयी थी। जो आपसी कहासुनी मारपीट में तब्दील होकर परिवादी के साथ आरोपी द्वारा मारपीट की गई। जिस पर मौके पर झगड़े को देखकर राहगीर इत्यादि के आने पर आरोपी मौके से फरार हो गये।

### टाईम बैंक मनाएगा वृद्धजन दिवस

**जयपुर**। वैश्विक स्तर पर एक अक्टूबर को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर हर साल की भांति इस वर्ष भी टाईम बैंक ऑफ इंडिया 1 अक्टूबर को भारतीय विद्या भवन, जयपुर केंद्र के साथ संयुक्त रूप से महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय स्तर पर विस्तृत कार्यक्रम आयोजित कर रहा हैं। इस कार्यक्रम में लगभग 800 सदस्य भाग लेंगे। कार्यक्रम के सुचारु संचालन हेतु विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया हैं। समारोह में शामिल होने के लिए कोई शुल्क नहीं हैं। कार्यक्रम के दौरान सक्रिय एडमिन एवं सुपर सीनियर नागरिक जो कि टाईम बैंक के सदस्य हैं उनका सम्मान भी किया जाएगा। समाज कल्याण मंत्री अविनाश गहलोत मुख्य अतिथि होगें। टाईम बैंक ऑफ इंडिया, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज देश का पहला ऐसा बैंक है, जहां बुजुर्गों की सेवा के बदले समय जमा किया जाता है। अर्थात समय एक मुद्रा के रूप में काम आता है। समारोह में भारतीय विद्या भवन, जयपुर केंद्र सहभागी है। केंद्र के प्रेसीडेंट विमल सुराणा, पूर्व मुख्य न्यायाधीश, सिक्किम हाई कोर्ट जस्टिस एस एन भार्गव, किशन लाल शर्मा, महामंत्री, राजस्थान पेंशनर समाज एवं अरुणेश अग्रवाल, प्रेसीडेंट सनातन धर्म मंदिर, चंडीगढ़ सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे।

### बजरंग दल ने पकड़ा गोवंश से भरा ट्रक

**जयपुर**। राजधानी जयपुर में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गोवंश तस्करी का भंडाफोड़ किया। हरमाड़ा थाने के बाहर रविवार रात पुलिस के सहयोग से उन्होंने गोवंश से भरा ट्रक पकड़कर 13 गायों को मुक्त कराया। पुलिस को इसकी सूचना दी गई। हरमाड़ा थाना पुलिस और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने ट्रक को थाने के सामने रुकवाया। ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें 13 गाय होलेस्टर नस्ल की मिली। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नारे लगाते हुए ट्रक के टायरों की हवा निकाल दी। पुलिस ने ट्रक में मिली 13 गायों को नजदीकी गौशाला में भेज दिया। वहीं, गोवंश की तस्करी को लेकर हंगामा होने पर पुलिस जाब्ते को मौके पर तैनात किया गया। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को पूछताछ के लिए राउंडअप किया। एसीपी (चौमूं) अशोक चौहान ने बताया कि चौमू की तरफ से एक ट्रक में गोवंश भरकर लाने की सूचना मिली थी। ट्रक में गोवंश मिलने पर तस्करी करने को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हंगामा कर दिया। हंगामा होने पर पास के थाने से अतिरिक्त पुलिस जाब्ता भी मौके पर तैनात किया गया। पुलिस ने गायों को मंशारामपुरा गौशाला में भेजकर ट्रक ड्राइवर पवन कुमार निवासी महेन्द्रगढ़ को राउंडअप किया। पूछताछ में उसने बताया कि वह गायों को महेन्द्रगढ़ से नागपुर लेकर जा रहा था।

### बिच्छीवाड़ा सीडीपीओ का निलंबन

**जयपुर**। शासन सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग महेन्द्र सोनी ने बताया कि डूंगरपुर जिले की बिच्छीवाड़ा बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) ललीता कटारा को उडान योजनान्तर्गत सेनेटरी नेपकिन आपूर्ति के 2 माह बाद तक भी भौतिक सत्यापन नहीं किये जाने की लापरवाही के लिए निलंबित किया गया है। निलम्बन काल में उनका मुख्यालय उप निदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग, उदयपुर के कार्यालय में नियत किया गया है। अनुशासनात्मक कार्रवाई नियमों के तहत 16 सी सी ए का आरोप पत्र जारी कर विभागीय जाँच भी की जाएगी।

### मंत्री करेंगे वृद्धजनों को सम्मानित

**जयपुर**। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उपलक्ष्य में सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत मुख्य अतिथि होंगे। राज्यस्तरीय समारोह में वृद्ध कल्याण, सांस्कृतिक, कला, सामाजिक एवं साहित्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले वृद्धजनों व वृद्ध कल्याण के क्षेत्र में कार्य करने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं को अविनाश गहलोत द्वारा सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम भगवंत सिंह मेहता ऑडिटोरियम, ओटीएस जयपुर में मंगलवार को प्रातः 11 बजे से प्रारंभ किया जाएगा।

### पर्यटन नीति के ड्राफ्ट पर सुझाव मांगे

**जयपुर**। पर्यटन आयुक्त विजयपाल सिंह ने बताया कि पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार की ओर से राजस्थान पर्यटन इकाई नीति, 2024 के ड्राफ्ट पर सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। पर्यटन आयुक्त ने बताया कि राजस्थान पर्यटन इकाई नीति, 2024 के ड्राफ्ट पर सुझाव दिए जाने के लिए राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग की वैबसाइट पर इस ड्राफ्ट को डाऊनलोड करके पढ़ा जा सकता है। तत्पश्चात सुझाव ईमेल पर 6 अक्टूबर 2024 तक प्रेषित किए जा सकते हैं।